भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2291
दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर
सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय

2291. श्री विजय कुमार उर्फ विजय वसंत:

श्री ओम पवन राजेनिंबालकर:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र सहित देश में स्थित सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों के कई विभागों में संकाय पद कई वर्षों से रिक्त हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यह रिक्तियां किस हद तक आकांक्षी चिकित्सकों को प्रभावित करती हैं;

(ग) क्या रिक्त पदों को भरने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या सरकार को महाराष्ट्र के उस्मानाबाद में सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय खोलने का कोई, प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क): जैसा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा सूचित किया गया है, महाराष्ट्र सहित पूरे देश में 313 सरकारी चिकित्सा कॉलेज हैं। राज्य- वार ब्यौरा अनुलग्नक में है।

(ख) से (घ): सार्वजनिक स्वास्थ्य और अस्पताल राज्य का विषय है और चिकित्सा कॉलेजों में रिक्त पदों को भरने का उत्तरदायित्व संबंधित राज्य सरकारों का है।

(ङ): चिकित्सा कॉलेज खोलने की अनुमति राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 और उसके तहत बनाए गए विनियमों के अनुसार राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा प्रदान की जाती है। एनएमसी द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, इस वर्ष के दौरान उस्मानाबाद, महाराष्ट्र में चिकित्सा कॉलेज खोलने हेतु उनसे कोई आवेदन/ प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

अनुलग्नक

देश में सरकारी चिकित्सा कॉलेज का राज्य- वार ब्यौरा		
क्र.सं.	**राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों का नाम**	सरकारी
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1
2	आंध्र प्रदेश	13
3	अरुणाचल प्रदेश	1
4	असम	9
5	बिहार	12
6	चंडीगढ़	1
7	छत्तीसगढ	8
8	दादरा और नगर हवेली	1
9	दिल्ली	8
10	गोवा	1
11	गुजरात	18
12	हरियाणा	5
13	हिमाचल प्रदेश	7
14	जम्मू और कश्मीर	8
15	झारखंड	4
16	कर्नाटक	19
17	केरल	10
18	मध्य प्रदेश	14
19	महाराष्ट्र	28
20	मणिपुर	2
21	मेघालय	1
22	मिजोरम	1
23	उड़ीसा	9
24	पुद्दुचेरी	2
25	पंजाब	5
26	राजस्थान	17
27	तमिलनाडु	37
28	तेलंगाना	11
29	त्रिपुरा	1
30	उत्तर प्रदेश	35
31	उत्तराखंड	4
32	पश्चिम बंगाल	20
कुल		313